## Page Three
## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# मरीजों को इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर करना बना चुनौती

**जिम्मेदार कौन**

मुंसयारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 2014 से एक्सरे मशीन व अल्ट्रासाउंड मशीनें धूल फांक रही

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।**

पिथौरागढ़। सीमांत तहसील मुंसयारी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है। जानकारी के मुताबिक सीमांत तहसील मुंसयारी के आपदा प्रभावित 94 ग्रम पंचायतों के ग्रमीणों को उपचार के लिए जिला मुख्यालय पिथौरागढ़ या फिर हायर सेंटर हल्द्वानी जाना पड़ रहा है। वही आलम यह है कि सीमांत के सामुदाकयिक स्वास्थ्य केंन्द्र में बीते साल 2014 से एक्सरे मशीन व अल्ट्रासाउंड मशीन बंद पड़े धूल फांक रही है। साल 2014 से लेकर अब तक सीमांत के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में टेकनीशियन का पद भी खाली पड़ा हुआ है।

दूसरी ओर सबसे ज्यादा दिक्कत तो तब सामने आती है जब कई मील लंबी पैदल चढ़ाई पार कर पीड़ित मरीज या गर्भवती को डोली में लाकर इलाज न मिलने पर हायर सेंटर रेफर करना मजबूरी



बन गया है। अस्पताल में क्षेत्र के ग्रमीणों के लंबे प्रदर्शन व मांग करने के बावजूद एक लैब बनाई गई। वही आलम यह है कि मरीजों को खून की जांच व अन्य जांच बाहरी लैबों में कराने को खासा खर्च उठाने को मजबूर होना पड़ रहा है।

सीएचसी में चिकित्साधिकारी के चारों पद भरे है। वही फार्मास्टि के तीन पदों में से केवल एक ही पद भरा पड़ा हुआ है। स्टाफ नर्स के तीनों पद भरे है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वच्छक के दोनों पद खाली पड़े हुए है। संविदा पर एक लैब टेकनीशियन तैनात है। वही एक्सरे व अल्ट्रासाउंड मशीनों को चलाने वाले टेकनीशियन का लंबे समय से सीमांत के ग्रमीण इलाज के लिए आज भी इंतजार कर रहे है। बीते साल 2014 में बरेली के शील नर्सिंग होम ने इसे पीपीडी मोड़ के तहत संचालित कराया। उस समय यहां डाक्टरों की खासी तैनाती रही। मरीजों की उस दौरान ठीक ठाक तरीके से समुचित देखभाल व इलाज संभव हो पाता था।

दूसरी ओर शील अस्पताल का टेंडर पूरा होने के बाद से तब से आजतक यहां इलाज के नाम पर सीमांत के गभीर बीमारी से जूझ रहे मरीजों को इलाज के लिए हायर सेटर रेंफर करना खासी चुनौती साबित होने लगा है। वही नकही सीमांत की चौरानब्बे ग्रम पंचातों के ग्रमीण अपनी उपेक्षा किये जाने का आरोप लगा चुके है।

इस बारे में सीमांत के सामुदायिक अस्पताल के प्रभारी चिकित्सक डांक्टर गौरव ने बताया कि सीएचसी में खली चल रहे पदो के बारे में कई बार उच्च अधिकारियों को इस बारे में जानकारी दे दी गई है। वही अब तक इस समस्या का हल नही निकल पाया है।

## न्यूज डायरी

### ज्वेलर्स शोरूम में दिनदहाड़े लूट, पुलिस और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर

**संवाददाता** हरिद्वार। मध्य हरिद्वार के रानीपुर मोड स्थित मोरा तारा ज्वेलर्स शोरूम में गुरुवार को दिन दहाड़े बदमाश घुस गए। बदमाशों ने गार्ड की कनपटी पर असलहा रखकर लाखों के जेवर और नकदी लूट कर फरार हो गए। सूचना पर पुलिस, एसओजी और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंच गई है। बताया गया कि छह बदमाशों ने 10 मिनट में घटना को अंजाम दिया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। एसपी सिटी कमलेश उपाध्याय और सीओ सिटी अभय सिंह भी मौके पर पहुंच चुके हैं और पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। इधर डकैती की घटना से गुस्साए सर्राफा कारोबारियों ने अपनी दुकानें बंद करने का ऐलान कर दिया है। शहर भर से व्यापारी शोरूम में पहुंच रहे हैं।

### सीएम बदलकर भाजपा ने उत्तराखंड की जनता के साथ भद्दा मजाक किया

**संवाददाता** देहरादून। यूकेडी के पूर्व केंद्रीय महामंत्री जयप्रकाश उपाध्याय ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में भारतीय जनता पार्टी ने बार–बार सत्ता परिवर्तन कर उत्तराखंड की जनता के साथ भद्दा मजाक किया है। इस घटना के लिए जनता भाजपा को माफ नहीं करेगी। त्रिवेंद्र ,तीरथ को क्यों हटाया गया इसके लिए भारतीय जनता पार्टी को जनता के नाम श्वेत पत्र जारी करना चाहिए और जनता को भारतीय जनता पार्टी ये बताएं कि राज्य में सत्ता परिवर्तन से राज्य की जनता को क्या लाभ होगा एवं अब तक भाजपा ने जिन मुख्य मंत्रियों को हटाया उनसे क्या–क्या हानि हुई है। भारतीय जनता पार्टी की दूरदर्शिता केवल अपने संगठन को बढ़ाने की रही है।

### जेके टायर ने हुंडई मोटर इंडिया के साथ अपनी ओईएम साझेदारी को और मजबूत किया

**संवाददाता** देहरादून। हुंडई क्रेटा की सफल साझेदारी बाद भारतीय टायर उद्योग की प्रमुख जेके टायर एण्ड इंडस्ट्रीज लि. ने देश की अग्रणी एसयूवी कार निर्माताओं में से एक हुंडई मोटर इंडिया की नवीनतम एसयूवी हुंडई अल्काजर के लिये हाथ मिलाते हुए अपने संबंधों को और सशक्त बनाया है। भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल उच्च प्रदर्शन वाले टायर्स की तकनीकी विशेषज्ञता से प्रेरित जेके टायर ने एक बार फिर से अपने यूएक्स रॉयल हाई परफारमेन्स टायर के साथ हुंडई अल्काजर के लिये श्रेष्ठ तकनीकी बेहतरीन प्रदर्शन एवं सुगमता की पेशकश की है। अपने 5–रिब एसिमेट्रिक डिजाइन, वेरिएबल ड्राफ्ट ग्रूव टेक्नोलॉजी, स्टेबल शोल्डर ट्रेड ब्लॉक्स,वाफेल ग्रूव एवं एरो विंग डिजाइन के साथ जेके टायर के यूएक्स रॉयल हाई परफॉरमेंस टायर हुंडई अल्काजर के लिये श्रेष्ठ है।

## हरकी पैड़ी पर पर्यटक पी रहे थे हुक्का, तीर्थ पुरोहितों ने पीटा

**संवाददाता** हरिद्वार। तीर्थ पुरोहितों ने हरकी पैड़ी पर हुक्का पीने वालों को दौड़ा–दौड़ा कर पीटा। हरियाणा और दिल्ली के कुछ युवक हर की पैड़ी के ब्रह्मकुंड और मालवीय घाट पर स्नान करते समय हुक्का पी रहे थे। जिससे नाराज तीर्थ पुरोहितों ने युवकों को पकड़ लिया और हुक्का छीनकर तोड़ते हुए युवकों की पिटाई की। जिससे हंगामा खड़ा हो गया। पुलिस ने आरोपितों को हिरासत में ले लिया है।

बता दें कि एक सप्ताह पहले हर की पैड़ी पर शराब के नशे में अश्लील डांस करने का मामला भी सामने आया था। जिससे पुलिस की काफी फजीहत हुई और गंगा सभा ने भी इस पर नाराजगी जताई है। गुरुवार को हरियाणा और दिल्ली के कुछ युवक गंगा घाट पर हुक्का पी रहे थे। गंगा सभा से जुड़े कुछ तीर्थ पुरोहितों ने उन्हें पकड़ लिया और दौड़ा–दौड़ा कर पीटा। एसपी सिटी कमलेश उपाध्याय ने बताया कि आरोपितों को हिरासत में ले लिया गया है।

**हुड़दंग मचाने वालों का किया चालानः** हरिद्वार के हरकी पैड़ी पर हुक्का पीकर हुड़दंग मचाने पर पुलिस ने आरोपित मोहन, दीपक व सुमित निवासीगण ग्राम लडरावन बहादुरगढ़ जिला झज्जर, रविंद्र निवासी बैड़ी भैरो रोहतक हरियाणा व नितेश और नितिन निवासीगण ग्राम दूधली, चरथावल जिला मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर शांति भंग की धाराओं में उनका चालान कर दिया है। शहर कोतवाल राजेश साह ने बताया कि आरोपितों को सिटी मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जा रहा है।



## सीएम ने पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने न्यू कैंट रोड स्थित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में पूजा अर्चना कर कार्य का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री बनने के बाद पुष्कर सिंह धामी ने पहली बार मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंचकर शासकीय कार्यों की शुरुआत की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, डॉ. धन सिंह रावत, श्रीमती रेखा आर्य, मेयर सुनील उनियाल गामा आदि मौजूद थे।

## सरकार ने राज्य को सतत विकास लक्ष्य–सूचकांक में शीर्ष स्थान दिलाने का संकल्प लिया

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड सरकार ने राज्य को सतत विकास लक्ष्य–सूचकांक में शीर्ष स्थान दिलाने का संकल्प लिया है। गौरतलब है कि उत्तराखंड नीति आयोग के हालिया मूल्यांकन में स्कूली शिक्षा श्रेणी में सुधार करते हुए उत्तराखंड ने चौथा स्थान हासिल किया है। इससे राज्य सरकार काफी उत्साहित है। निर्धारित लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए उत्तराखंड सरकार ने शिक्षकों को स्कूलों में जाने की अनुमति दे दी है।

स्कूली शिक्षा मंत्री अरविंद पांडेय ने राजीव गांधी नवोदय विद्यालय, उत्तराखंड, देहरादून स्थित स्टूडियो से जिला शिक्षा अधिकारियों, ब्लॉक और उप–शिक्षा अधिकारियों के



साथ एक वर्चुअल बैठक की। विगत कुछ वर्षों में और लॉकडाउन के दौरान हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए पांडेय ने वर्चुअल क्लासरूम नेटवर्क में और 100 स्कूलों को जोड़ दिया है। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में प्रदेश को शीर्ष स्थान पर ले जाने का भी संकल्प लिया है, "हम स्कूली शिक्षा वर्ग में नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्यों के सूचकांक में देश में 19 वें स्थान से उत्तराखंड को शीर्ष स्थान पर ले जाने के लिए दृढ़–संकल्प हैं। हम उपलब्धि हासिल करने के लिए और अधिक प्रगतिशील कदम उठाएंगे। सरकार ने 500 सरकारी स्कूलों के अलावा 100 और स्कूलों में वर्चुअल कक्षाएँ स्थापित कर रहे हैं, जिनमें स्मार्ट क्लासरूम नेटवर्क है। हम छात्रों, शिक्षकों और उनके अभिभावकों सहित सभी हितधारकों की भागीदारी और सहयोग सुनिश्चित कर रहे हैं। हमने अब तक जो प्रगति की है, वह इन सभी तत्वों की मदद से है और हमें भविष्य में भी उनका समर्थन मिलने की उम्मीद है।

पांडेय ने शिक्षकों को स्कूल जाने की अनुमति देने और स्कूल भवनों के नवीनीकरण की भी घोषणा की, ताकि उन्हें और अधिक छात्रों के अनुकूल बनाया जा सके। मंत्री महोदय ने बताया, "कोविड –19 प्रेरित लॉकडाउन के कारण पिछले डेढ़ साल से स्कूल बंद हैं।

## लेटकर सुन रहे थे फरियाद, मंत्री ने दिए निलंबित करने के आदेश

**संवाददाता** हरिद्वार। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी गत दिवस हरिद्वार दौरे पर थे। उन्होंने अफसरों से जनता से अच्छी तरह पेश आने और संजीदगी से उनकी समस्याएं सुनने को कहा था, लेकिन हरिद्वार तहसील के कानूनगो को लगता है सीएम की बात समझ में नहीं आई। तहसील में तैनात कानूनगो अनिल कंबोज अपने दफ्तर में लेटकर लोगों की फरियाद सुन रहे थे।

कानूनगो का ये वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इससे संबंधित अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने जिलाधिकारी को कानूनगो को सस्पेंड करने का आदेश दिया है। फरियादी भी कोई आम आदमी नहीं था, बल्कि बीजेपी के पूर्व जिला मंत्री राकेश शर्मा थे। वो अपने काम से तहसील कानूनगो के दफ्तर में गए थे। इस दौरान कानूनगो साहब दफ्तर में फरियादियों की बेंच पर लेटकर आराम फरमा रहे थे। राकेश शर्मा ने जब कानूनगो से अपनी फाइल को देखने के लिए कहा तो कानूनगो साहब बेंच पर अंगड़ाइयां लेते हुए अपने दो असिस्टेंट से बातें करते रहे।